प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकारक प्रभाव, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। टीबी के बैक्टीरिया की खोज के जनक डॉक्टर रॉबर्ट कोच की जयंती के उपलक्ष्य में तपेदिक दिवस का आयोजन होता है। इस वर्ष के टीबी दिवस की थीम ''हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैंः प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास'' रखी गई है। तपेदिक दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में भी कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित हो रही है। लोगों में इस रोग के प्रति सचेत करने के लिए जिला मुख्यालयों पर आज भी रैली, नुक्कड नाटक और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर लोगों से क्षय रोग–टीबी को खत्म करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने इस बीमारी से निपटने में सरकार के प्रयासों के बारे में बताया। श्री नड्डा ने टीबी रोगियों को व्यापक सहायता प्रदान करने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों का आभार जताते हुए कहा कि सभी नागरिक मिलकर टीबी मुक्त भारत बना सकते हैं और सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में काम कर सकते हैं।

00000

राजस्थान स्थापना दिवस समारोह की कल से विधिवत शुरूआत होगी। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में 25 से 31 मार्च तक कार्यक्रम रखे जायेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कल बाडमेर में मातृ वंदन महिला सम्मेलन से समारोह की शुरूआत करेंगे। अगले दिन 26 मार्च को बीकानेर में राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन और एफपीओ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसी तरह 27 तारीख को गरीब और अन्त्योदय का मुख्य कार्यक्रम भरतपुर में आयोजित होगा। 28 मार्च सुशासन समारोह के तहत मनाई जायेगी। इसका राज्यस्तरीय कार्यक्रम भीलवाडा में रखा गया है। 29 मार्च को युवा और रोजगार उत्सव का आयोजन कोटा में किया जायेगा। राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को जयपुर में भव्य समारोह आयोजित होगा। इसी दिन हिन्दु नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा होने की वजह से इसे विशेष तौर पर देखा जा रहा है। राजधानी जयपुर में 31 मार्च को निवेश उत्सव आयोजित किया जायेगा। गौरतलब है कि राजस्थान दिवस समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने तथा आमजन को इससे जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए है। राज्य के अल्प आय वर्ग, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए इस दौरान कई घोषणाए और सौगातें मिलने की उम्मीद है।

00000

झुंझुनूं में ईओ और आर ओ भर्ती परीक्षा में कार्य के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने एक सहायक पुलिस निरीक्षक सहित 6 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इन लोगों पर कुछ परीक्षार्थियों को समय के बाद भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश देने का आरोप था। जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने बताया कि मामले की जांच करवाई जा रही हैं और परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक तथा पर्यवेक्षकों से रिपोर्ट मांगी गई है।

00000

अजमेर के किशनगढ स्थित राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कल साईक्लोथोन 2025 का आयोजन किया गया। लोगों को साईकिल चलाने के लिए प्रेरित करने और फिट जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से आयोजित इस साईकिल रैली में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, खिलाडियों और आमजन ने बढचढकर भाग लिया। रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने हरी झंडी दिखाई। साईक्लोथोन का आयोजन खेल मंत्रालय के अधीन भारतीय शारीरिक शिक्षा फाउंडेशन और भारतीय खेल प्राधिकरण साई के सहयोग से किया गया।

00000

बालोतरा के तिलवाड़ा में कल से राज्य स्तरीय मल्लीनाथ चैत्री पशु मेला आयोजित किया जायेगा। मेले का ध्वजारोहण के साथ विधिवत रूप से शुभारंभ होगा। मेले में आने वाले पशुओं और पशुपालकों के लिए पशुपालन विभाग और जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां की है। मेला स्थल पर पेयजल और चारे पानी की माकूल व्यवस्थाएं की गई है।

00000

मार्च का अंतिम सप्ताह लगने के साथ ही प्रदेशभर में गर्मी का असर बढने लगा है। बीते 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर दिन का तापमान 35 डिग्री सैल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। दिन चढने के साथ ही ज्यादातर स्थानों पर तेज धूप का असर भी बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार बाडमेर में अधिकतम तापमान 40 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

00000